दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 15.09.2023

प्रकाशनार्थ

दिनांक 15.09.2023 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज गोरखपुर के बीसीए एवं गणित विभाग के संयुक्त तत्वाधान में इंजीनियर्स डे के शुभ अवसर पर भौतिक विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य, डॉ अजेय कुमार तिवारी ने मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कहा की बिना इंजीनियरों के किसी भी देश का विकास व निर्माण असंभव है। हर साल भारत में 15 सितंबर का दिन इंजीनियर्स डे के रूप में मनाता है। आज राष्ट्र निर्माण में इंजीनियरों की तरफ से किए गए प्रयासों को सलाम करने का दिन है। यह दिन देश के महान इंजीनियर और भारत रत्न से सम्मानित मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को समर्पित है।

डॉ. तिवारी ने आगे बोलते हुए कहा विश्वेश्वरैया एक प्रतिभाशाली व्यक्ति थे। उन्होंने जिस ब्लॉक सिस्टम का आविष्कार किया, पानी के व्यर्थ बहाव को रोकने के लिए उन्होंने स्वचालित दरवाजे, पानी की आपूर्ति और जल निकासी व्यवस्था, जिसकी उन्होंने अदन शहर के लिए योजना बनाई थी – इन सभी ने दुनिया भर के इंजीनियरों से उच्च प्रशंसा प्राप्त की। उनकी स्मृति प्रतिभा के रूप में अद्भुत थी। हमने देखा कि कैसे 1908 में उन्होंने मूसा को वश में किया। पचास साल बाद, एक दिन, नदी के बारे में चर्चा हुई, और उन्होंने कुछ विवरण का उल्लेख किया।

विशिष्ट वक्ता डॉ सूरज शुक्ला, गणित विभाग ने कहा की मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया सबसे महान इंजीनियरों के रूप में जाना जाता है। उनके योगदान के कारण उन्हें वर्ष 1955 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पुरस्कार 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था। उन्हें जल संसाधनों के दोहन, कई नदी बांधों, पुलों के सफल डिजाइन और निर्माण और पूरे भारत में सिंचाई और पेयजल योजनाओं को लागू करने में उनकी प्रतिभा के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचाना गया था।

कार्यक्रम का संचालन डॉ मुदित दुबे, सहायक आचार्य बीसीए विभाग ने किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अरविंद तिवारी ने, आभार ज्ञापन डॉ. अनुराधा सिंह ने किया। इस अवसर पर कंप्यूटर विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ पवन कुमार पाण्डेय, शिक्षक गण सहित बीसीए एवं गणित विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

उक्त जानकारी मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने दी।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क